बृहस्पतिवार • 13.02.2020

अमर उजाला

एक्वा मेट्रो में लीजिए जन्मदिन, प्री-वेडिंग कार्यक्रमों का आनंद

नोएडा-ग्रेनो मेट्रो का राजस्व बढ़ाने के लिए निकाली योजना, प्रति घंटे के हिसाब से लोग करा सकेंगे बुकिंग

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। अगर आप किसी कार्यक्रम को कुछ खास बनाना चाहते हैं तो आपके पास एक बेहतरीन विकल्प है। अब आपको एक्वा लाइन पर नोएडा-ग्रेनो मेट्रो के कोच में आयोजन का मौका मिलेगा। इसके लिए आपको तय शुल्क अदा करना होगा।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) की ओर से की गई योजना के मुताबिक, मेट्रो के कोच में जन्मदिन, प्री-वेडिंग या कोई भी अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का मौका मिलेगा। हालांकि, इसके लिए एनएमआरसी की कुछ शर्तों का पालन करना होगा। इच्छुक आवेदकों को एक या एक से

04 कोच की अधिकतम हो सकती है बुकिंग

15 दिन पहले आवेदन करना होगा

अधिक और अधिकतम चार कोच में आयोजन के लिए 15 दिन पहले एनएमआरसी को आवेदन करना होगा। बुकिंग होने के बाद आवेदक को प्रति घंटे 5 से 10 हजार रुपये तक की राशि जमा करानी होगी। इसके अलावा बुकिंग कराने वाले को सिक्योरिटी मनी के रूप में 20 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि भी जमा करानी होगी, जो बाद में वापस हो जाएगी।

अन्य शहरों की मेट्रो में भी मिल रही सुविधा

इस तरह का मौका रैपिड मेट्रो गुरुग्राम, गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड और जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से पहले ही दिया जा चुका है।

एनएमआरसी का स्टाफ भी रहेगा मौजूद : एनएमआरसी की ओर से आयोजक को एक सेंटर टेबल, डस्टबिन, एक हाउसकीपिंग स्टाफ और सुपरवाइजरी स्टाफ दिया जाएगा, जो कि आयोजन में सहयोग करेंगे। किसी तरह के नुकसान की भरपाई बुकिंग कराने वाले को करनी होगी।

चलती या खड़ी हुई मेट्रो में कर सकेंगे आयोजन

एनएमआरसी की ओर से ऐसे लोगों को चलती या खड़ी हुई मेट्रो में आयोजन की अनुमति दी जाएगी। इसमें उनके पास सजे हुए या बिना सजे हुए कोच की बुकिंग का विकल्प भी होगा। इसके अलावा यह आयोजन ऑपरेशन या नॉन ऑपरेशनल मेट्रो के लिए होगी यानी अगर आयोजन मेट्रो की रोजाना की टाइमिंग में होनी है या फिर रात के 11 बजे से 2 बजे तक होनी है इसका विकल्प चुनने का भी मौका मिलेगा। एक कोच में अधिकतम 50 लोग रह सकते हैं जिसमें महिला व पुरुष व बच्चे शामिल हो सकते हैं।

यह होंगे नियम, शर्तें व शुल्क

- सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से डिपो स्टेशन तक राउंड ट्रिप, बिना सजावट के रेगुलर रनिंग मेट्रो कोच-8 हजार रुपये प्रति घंटा प्रति कोच फीस
- सेक्टर-51 और डिपो मेट्रो स्टेशन पर खड़ी बिना सजावट की मेट्रो कोच-5 हजार रुपये प्रति प्रति घंटा प्रति कोच फीस
- सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से डिपो स्टेशन तक राउंड ट्रिप, सजावट के साथ रेगुलर रनिंग मेट्रो कोच-10 हजार रुपये प्रति घंटा प्रति कोच फीस
- सेक्टर-51 और डिपो मेट्रो स्टेशन पर खड़ी सजावट की हुई मेट्रो कोच-7 हजार रुपये प्रति प्रति घंटा प्रति कोच फीस